5. आसमान गिरा

इकाई - II

सोचो-बोलो

© SCERT not to be republished

प्रश्न :

1. चित्र में क्या दिखायी दे रहा है?
2. शेर कुएँ में देखकर क्या सोच रहा होगा?

छात्रों के लिए सूचनाएँ :

1. पाठ पढ़ो। कठिन शब्द और वाक्य रेखांकित करो।
2. कठिन शब्दों और वाक्यों के बारे में मित्रों से चर्चा करो।
3. कठिन शब्दों के अर्थ शब्दकोश में ढूँढ़ो।

एक खरगोश था। वह पेड़ के नीचे सो रहा था। अचानक ज़ोर की आवाज़ हुई - ''धम्म'' खरगोश उठ बैठा। वह बोला, 'अरे! क्या गिरा?' खरगोश ने इधर-उधर देखा। उसे कुछ दिखायी नहीं दिया। उसे लगा आसमान गिर रहा है। खरगोश डर गया और भागने लगा।

भागते-भागते उसे एक लोमड़ी मिली। उसने पूछा- 'खरगोश भाई, कहाँ जा रहे हो? ज़रा सुनो तो।'

खरगोश भागते-भागते बोला - 'आसमान गिर रहा है, भागो! भागो! जल्दी भागो!'

लोमड़ी भी भागने लगी। आगे जाकर उन्हें एक भालू मिला। भालू बोला- 'ठहरो, ठहरो! कहाँ भागे जा रहे हो?'

खरगोश और लोमड़ी बोले - 'भागो! तुम भी भागो। आसमान गिर रहा है।'

© NCERT not to be republished

भालू भी उनके साथ भागने लगा। खरगोश, लोमड़ी और भालू भागते-भागते एक हाथी के पास से निकले। हाथी - 'अरे! सब क्यों भागे जा रहे हो? ठहरो कुछ बताओ तो।'

भालू बोला - 'आसमान गिर रहा है, तुम भी भागो।' हाथी भी भागने लगा। सब भाग रहे थे - आगे-आगे खरगोश, उसके पीछे-पीछे लोमड़ी, उसके पीछे भालू और सबके पीछे हाथी।

भागते-भागते उन्हें शेर मिला। उसने पूछा - 'तुम सब क्यों भागे जा रहे हो?'

हाथी बोला - 'आसमान गिर रहा है। तुम भी भागो।'

शेर ने दहाड़ कर कहा - 'आसमान गिर रहा है। कहाँ गिर रहा है? रुको।' यह सुनकर सभी जानवर रुक गये।

शेर ने पूछा - 'किसने कहा आसमान गिर रहा है?'

हाथी बोला - 'भालू ने कहा।'

भालू बोला - 'मुझसे तो लोमड़ी ने कहा।'

लोमड़ी बोली - 'मुझसे तो खरगोश ने कहा था। सबसे पहले इसी ने कहा था।'

खरगोश चुप रहा। शेर बोला - 'खरगोश! कहाँ गिर रहा है आसमान?'

खरगोश ने कहा - 'मैं तो पेड़ के नीचे सो रहा था। वहीं धम्म से आसमान गिरा।'

शेर ने कहा - 'चलो, चलकर देखें।'

वे सब उस पेड़ के नीचे गये। सबने पेड़ के नीचे देखा। वहाँ एक बड़ा सा फल गिरा पड़ा था। तभी वैसा ही एक और फल गिरा - धम्म! खरगोश चौंक गया।

शेर बोला - 'तो यही तुम्हारा आसमान था। लो फिर आसमान गिरा। भागो!'

और सभी हँसने लगे।



© SCERT not to be republished



सुनो-बोलो

1. भागते समय खरगोश ने क्या सोचा होगा?
2. अगर तुम लोमड़ी की जगह होते तो क्या करते?
3. सब क्यों हँस पड़े?

पढ़ो

(अ) इन वाक्यों को पाठ के आधार पर क्रम (1..., 5) दो।

- खरगोश डरकर भागने लगा। (   )
- शेर ने पूछा - 'किसने कहा, आसमान गिर रहा है?' (   )
- भागते-भागते खरगोश को एक लोमड़ी मिली। (   )
- खरगोश वृक्ष के नीचे सो रहा था। (2)
- तभी वैसा ही एक और फल गिरा। (   )

(आ) इस पाठ में ‘   ’ चिह्न वाले वाक्यों पर ध्यान दो।

© NCERT not to be republished

लिखो

(अ) खरगोश क्यों भागने लगा?

....

(आ) सभी जानवरों को भागने से किसने रोका?

....

(इ) खरगोश के पीछे कौन-कौन भाग रहे थे? क्यों?

....

(ई) "धम्म" यह आवाज़ किसकी थी?

....

शब्द भंडार

(अ) तालिका में नीचे गिरने पर आवाज़ आने वाली और आवाज़ नहीं आने वाली चीजों के उदाहरण लिखो।

आवाज़ आती है।	आवाज़ नहीं आती है।
नारियल	रूई

(आ) नीचे दी गयी वर्ग-पहेली से जानवरों के नाम चुनकर लिखो।

ख	र	गो	श	हा
प	भा	न	क्ष	थी
शे	ग	लू	बा	ची
र	धा	हि	र	ण
ची	ता	प	व	ल

उदा:- खरगोश

....

....

....

....

....

भाषा की बात

पाठ में खरगोश, लोमड़ी, भालू, हाथी, शेर आदि जानवरों के नाम आये हैं। ऐसे नामवाले शब्द जो किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान आदि के बारे में बतलाते हैं, उन्हें संज्ञा कहते हैं।

नीचे कुछ उदाहरण दिये गये हैं। उन्हें ध्यान से देखो।

- रमेश कलम से लिखता है।
- लड़के मैदान में खेलते हैं।
- सुनीता पढ़ाई में आगे है।
- ग्वाला दूध लाता है।
- पाठशाला में सभा चल रही है।



सृजनात्मक अभिव्यक्ति

शेर और खरगोश की कोई कहानी अपने वाक्यों में लिखो।

© SCERT not to be republished

क्या मैं ये कर सकता हूँ?	हाँ (√)	नहीं (×)
1. पाठ के बारे में बातचीत कर सकता हूँ।		
2. पाठ का सारांश अपने शब्दों में बता सकता हूँ।		
3. पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिख सकता हूँ।		
4. पाठ के शब्दों से वाक्य बना सकता हूँ।		

हमें सोच-समझकर काम करना चाहिए।



© NCERT not to be republished